तापमान
अधिकतम 32.9°C
न्यूनतम 20.0°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

11 प्रदीप सांगवान ने अभिषेक सरोहा को किया सम्मानित



12 संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए अर्चना सम्मानित



खबर संक्षेप

कैंटर की टक्कर से ट्रांसफार्मर गिरा, खंभे टूटे

खरखौदा। बरोणा गांव में कैंटर की टक्कर से बिजली का ट्रांसफार्मर और पांच खम्भे टूट गए हैं। हादसे में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को करीब 3 लाख 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता की शिकायत और जांच के आधार पर कैंटर के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के हसनगढ़ उप कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता हरिनारायण ने बताया कि 26 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे गांव बरोणा में 11 केवी निलौठी फीडर के पोल और ट्रांसफार्मर को कैंटर ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे तो चालक वहां पर नहीं मिला, लेकिन उन्होंने अपने स्तर पर पता कर कैंटर को लेकर जानकारी जुटाई और डायल 112 पर सूचना दी। वाहन की जांच में कैंटर चिराग रोड लाइंस फर्म के नाम पंजीकृत मिला।

अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर को उप निरीक्षक सुखबीर अपनी टीम के साथ गश्त पर ककरोई चौक के पास मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को हथियार व कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक किया

खरखौदा। नशामुक्त समाज के निर्माण और बच्चों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव चौपाल की में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिसमें बच्चों, युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान नशे से दूर रहने, शिक्षा एवं अच्छे संस्कारों को अपनाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। नशा मुक्त अभियान के संयोजक आर्य मनीष दहिया ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए परिवार, ग्रामीणों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने होंगे। बच्चों को छोटी उम्र से ही सही दिशा, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार देना बेहद जरूरी है।

प्लेटलेट्स की दो रिपोर्टों में भारी अंतर, निजी अस्पताल व लैब पर वसूली का आरोप

■मरीज को गंभीर बीमारी का डर दिखाकर प्लाज्मा चढ़ाने की कही बात ■ सीएमओ, पुलिस आयुक्त व मेडिकल काउंसिल से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सेक्टर-12 स्थित एक निजी अस्पताल और उसकी बेसमेंट में संचालित लैब पर फर्जी रिपोर्ट तैयार कर मरीज के परिजनों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। सांदल कलां निवासी अंकित ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), पुलिस आयुक्त और हरियाणा मेडिकल काउंसिल को शिकायत देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। अंकित ने रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ के साथ जिला सिविल सर्जन डॉ. अलंकृता गेरा को भी शिकायत सौंपी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके 27 वर्षीय भाई मोंटी को चक्कर आने के कारण 16 सितंबर 2026 को सेक्टर-12 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल की बेसमेंट में स्थित लैब की रिपोर्ट में मरीज के प्लेटलेट्स की संख्या 14 हजार बताई गई और उसे थ्रोम्बोसाइटोपेनिया बीमारी का डर दिखाकर तुरंत प्लाज्मा चढ़ाने की बात कही गई। अंकित का दावा है कि 18 सितंबर को उसी दिन करीब दो घंटे बाद दूसरी पैथोलॉजी लैब में जांच कराने पर प्लेटलेट्स की संख्या 1.50 लाख आई। अगले दिन एक अन्य लैब की जांच में यह संख्या 2.50 लाख दर्ज की गई।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल ने 22 मई 2025 की पुरानी ईसीजी रिपोर्ट पर हाथ से 16 सितंबर 2026 लिखकर उसे नई रिपोर्ट बताया और इसके लिए 300 रुपये लिए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, दो दिन के भीतर इलाज और जांच के नाम पर कुल 16,350 रुपये वसूले गए। परिजनों ने मरीज को अस्पताल से छुट्टी दिलवाई तो अस्पताल प्रबंधन ने उसे एलएएमए (चिकित्सकीय सलाह के विरुद्ध छुट्टी) के रूप में दर्ज किया।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में शिकायत पत्र दिखाते शिकायतकर्ता अंकित, मनजीत तिहाड़ व अन्य।

लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर अस्पताल और लैब के लाइसेंस व मान्यता रद्द करने, एफआईआर दर्ज कराकर आपराधिक जांच करवाने और कथित तौर पर वसूली गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ ने मामले में मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच करवाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अस्पताल मरीजों को गंभीर बीमारी का भय दिखाकर आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान करते हैं। उन्होंने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की।

जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई: सीएमओ

सीएमओ डॉ. अलंकृता गेरा ने कहा कि उन्हें अस्पताल और लैब के खिलाफ शिकायत की जानकारी नहीं है। अस्पताल जाकर और रिकॉर्ड की जांच करने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है। यदि उनके कार्यालय में शिकायत आई है तो जल्द जांच कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

30 करोड़ देने के बाद भी जाट जोशी विकास को तरसा, गांव में समस्याओं का अंबार

नगर निगम से निराश लोगों ने समाधान समिति बनाई, हर रविवार को होगी बैठक

ग्रामीण बोले- सफाई के नाम पर घर-घर से हर महीने 50 रुपये की पर्ची काटी जाती है, लेकिन नियमित सफाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले गांव जाट जोशी के ग्रामीणों ने विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की ओर से नगर निगम को करीब 30 करोड़ रुपये दिए गए, लेकिन गांव के विकास पर इस राशि के ब्याज जितना भी खर्च नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में नाले-नालियां गंदगी से अटे पड़े हैं और नियमित सफाई नहीं होती। सड़क के बीच खुला मेनहोल हादसों को न्योता दे रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत कर नगर निगम समस्या समाधान समिति का गठन किया। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई के नाम पर घर-घर से हर महीने 50 रुपये की पर्ची काटी जाती है, लेकिन नियमित सफाई नहीं होने से नाले-नालियों में कचरा और दूषित पानी जमा रहता है। सड़क के बीच खुले मेनहोल के कारण दोपहिया वाहन चालक भी चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर निगम के अधीन आने के बावजूद गांव की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।



सोनीपत। गांव जाट जोशी में पंचायत के दौरान समस्याओं पर चर्चा करते ग्रामीण।



खुला पड़ा मेनहॉल

युवाओं को भी जोड़ने की योजना: समिति के मुख्य सलाहकार रणजीत मलिक और मोहन आंतिल ने ग्रामीणों से एकजुट होकर गांव की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने की अपील की। समिति की ओर से युवा शक्ति ग्रुप बनाने की योजना पर भी विचार किया गया, ताकि नई पीढ़ी को गांव के विकास से जुड़े मुद्दों में भागीदारी का अवसर मिल सके। पंचायत में निर्णय लिया गया कि समिति गांव के विकास और नगर निगम से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर काम करेगी। समिति के नाम पर निजी विवादों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। चौपाल पर करीब 50 कुर्सियां और एक मेज रखने का भी निर्णय लिया गया। समिति के सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष निर्धारित किया गया है। प्रत्येक रविवार को बैठक होगी, जिसमें कम से कम पांच सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठकों में गांव की प्राथमिक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की योजना बनाई जाएगी। हर वर्ष प्रथम नवरात्र को समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस दिन नई कार्यकारिणी गठित करने के साथ पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। समिति के नियमों के अनुसार, गांव की किसी समस्या पर काम शुरू करने से पहले एक-तिहाई सदस्यों की सहमति से प्रस्ताव पारित करना होगा। जरूरत पड़ने पर समिति के सदस्य पार्षद, मेयर, नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त, विधायक और सांसद से मिलकर समस्याएं उठाएंगे।

दो निकायों में बांटी समिति

पंचायत में ग्रामीणों की सहमति और बहुमत के आधार पर समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति की चेयरपर्सन बॉडी में महेंद्र फौजी को प्रधान बनाया गया, जबकि जयभगवान चौहान, जगबीर हुड्डा, भक्त राजेंद्र दास और सुल्तान सिंह हुड्डा को उपप्रधान की जिम्मेदारी दी गई। इस निकाय में कुल 11 सदस्य होंगे। मुख्य कार्यकारिणी बॉडी में प्रदीप हुड्डा को प्रधान बनाया गया। रोहतास मलिक, प्रदीप, मुकेश मलिक और नारायण दलाल को उपप्रधान बनाया गया है। अनिल मलिक, कृष्ण हुड्डा, अधिवक्ता जयवीर हुड्डा और विक्की चौहान कार्यकारिणी सदस्य होंगे। इस निकाय में कुल 21 सदस्य शामिल होंगे।

झिंझौली टोल पर पुलिस नाका देखकर गलत दिशा में भगाई कार, डिवाइडर से टकराई

वेन्यू कार से शराब की 58 पेटियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

राष्ट्रीय राजमार्ग-344पी पर झिंझौली टोल प्लाजा के पास पुलिस ने अवैध शराब से भरी हुंडई वेन्यू कार पकड़ी है। कार से देसी और अंग्रेजी शराब की 58 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस नाका देखकर चालक ने कार गलत दिशा में दौड़ा दी। इस दौरान कार डिवाइडर से टकरा गई। इसके बावजूद चालक कुछ दूर तक कार ले गया और फिर उसे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने कार और शराब कब्जे में लेकर अज्ञात चालक व शराब के मालिक का पता लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार रात पुलिस टीम झिंझौली टोल प्लाजा पर अंतरराज्यीय नाके के दौरान वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सोनीपत से बवाना, दिल्ली की ओर जा रही वेन्यू कार के चालक ने नाका देखकर कार दूसरी दिशा से आने वाले वाहनों की लेन में घुसा दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कार डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार की कंडक्टर साइड के दोनों टायरों की हवा निकल गई। इसके बाद चालक कार छोड़कर भाग गया। एक्साइज इंस्पेक्टर अशोक मलिक की मौजूदगी में कार की तलाशी ली गई तो उसमें फ्रास्ट फाल्कन डिस्टिलरीज लिमिटेड की संतरा देसी शराब की 27 पेटियां, रेस-7 की 16 पेटियां और नाइट ब्ल्यू मार्का की 15 पेटियां मिलीं। खरखौदा थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बाइक से 270 पव्वे शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

झिंझौली टोल प्लाजा पर ही पुलिस ने दिल्ली नंबर की टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल से 270 पव्वे शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सलीमसर माजरा निवासी रोहित के रूप में हुई है। एसआई कुलदीप अपनी टीम के साथ नाके पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बाइक को रुकवाया गया। मोटरसाइकिल के दोनों ओर बोरियों के बैग लटके हुए थे और ऊपर भी एक कट्टा बंधा था। चालक ने पहले बैग में डिस्पोजल प्लेट और कटोरियां होने की बात कही, लेकिन जांच करने पर उनमें शराब मिली। बोरियों से फ्रेश संतरा देसी शराब के 250 पव्वे और नाइट ब्ल्यू अंग्रेजी शराब के 20 पव्वे बरामद हुए। शराब पर हरियाणा में बिक्री के लिए होने का उल्लेख था।



शोभायात्रा के साथ रामलीला शुरू

सोनीपत। नवरात्र उत्सव के बीच जिलेभर में रामलीलाओं के मंचन का दौर प्रारंभ हो चुका है। कहीं बाहर से आए कलाकार, तो कहीं स्थानीय युवा अपने मंचन से लोगों को श्रीराम के आदर्शों की राह दिखा रहे हैं। इसी के साथ कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा व श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति ने कलश स्थापना और गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। पहले दिन रविवार को कलाकारों ने नारद मोह और मनु-शतरूपा की तपस्या की लीला का मंचन कर दर्शकों को धार्मिक प्रसंगों से रूबरू कराया। रामलीला के शुभारंभ से पहले धार्मिक संस्थाओं ने बड़ा बाजार स्थित श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। ... विस्तृत समाचार पेज 12 पर

आग से झुलसी विवाहित की उपचार के दौरान मौत

गन्नौर। गांव खेड़ी गुज्जर में आग में झुलसी विवाहिता की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के भाई ने अपने जीजा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप लगाया है। गन्नौर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत जिले के गांव छाजपुर कलां निवासी कुशल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी करीब 25 वर्षीय बहन कोमल की शादी लगभग तीन साल पहले खेड़ी गुज्जर निवासी विकास पुत्र कालूराम के साथ हुई थी। कोमल के दो बच्चे हैं, जिनमें बेटा यकवित और बेटी महक शामिल हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, विकास शराब पीने का आदी है और कथित तौर पर आए दिन कोमल के साथ मारपीट करता था। परिवार ने कई बार उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद मारपीट बंद नहीं हुई। कुशल ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसके मौसा कालूराम ने फोन कर सूचना दी कि कोमल आग में झुलस गई है और उसे उपचार के लिए गन्नौर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर वह अपनी मां सुखविंदर के साथ अस्पताल पहुंचा। वहां कोमल गंभीर रूप से झुलसी हुई थी। कुशल के मुताबिक, पूछने पर कोमल ने बताया कि विकास ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

■ महिला के भाई का पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का आरोप

शारदीय नवरात्र प्रारंभ : स्वर्णप्रस्थ नगरी में मंदिरों से लेकर घरों तक माता रानी का स्वागत

प्राचीन मंदिरों में गूंजे माता रानी के जयकारे, प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मांगीं मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हस्त नक्षत्र व शुक्ल योग के संयोग में पांडवों की स्वर्णप्रस्थ नगरी में रविवार को शारदीय नवरात्र उत्सव के प्रथम दिन मंदिरों से लेकर घरों तक में घट स्थापना व मां शैलपुत्री के पूजन के साथ माता रानी का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त पर विधिविधान से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर व्रत धारण किया। शहर के बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर, सेक्टर-14 स्थित श्री चिंतपूर्णी मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, कच्चे क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर, मॉडल टाउन में नव दुर्गा मंदिर, कैलाश कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में प्रातःकाल से ही माता रानी के दर्शन के लिए कपाट खुले रहे। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध रहे। बता दें कि शहर के सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर व सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर के प्रति लोगों की भारी आस्था जुड़ी है। इसी कारण नवरात्र में दूरदराज से भी श्रद्धालु माता रानी के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। छठ के दिन माता रानी की कढ़ाई कर सप्तमी के दिन मेला लगाया जाएगा।

■ शहर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, जवान रहे तैनात



सोनीपत। कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

आज मां ब्रह्मचारिणी पूजन से सर्वत्र सिद्धि की होगी प्राप्ति

नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने माता शैलपुत्री का पूजन किया। अखंड ज्योत जलाकर माता रानी का आह्वान किया गया। कई मंदिरों में शाम को महिला मंडली ने मिलकर संकीर्तन कर मां दुर्गा का गुणगान किया। द्वितीय नवरात्र सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। ब्रह्मचारिणी मां दुर्गा का दूसरा स्वरूप है। इस रूप में भगवान शंकर को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए मां ने घोर तपस्या की थी। कठिन तपस्या के कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना जाता है। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला व बाए हाथ में कमंडल है। मां दुर्गा का यह स्वरूप श्रद्धालुओं को अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है।

■दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के चलते सोनीपत में दूसरे दिन भी नाकों पर जांच

कुंडली, हलदाना व भिगान टोल पर पुलिस तैनात वाटर कैनन और आंसू गैस के साथ रही मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली के जंतर-मंतर पर काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन के ऐलान को देखते हुए सोनीपत पुलिस रविवार को भी अलर्ट रही। दिल्ली की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों पर लगातार दूसरे दिन वाहनों की जांच की गई। कुंडली बॉर्डर, हलदाना बॉर्डर और भिगान टोल पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। हालांकि रविवार को छुट्टी के चलते यातायात का दबाव कम रहा और कहीं जाम की स्थिति नहीं बनी। पुलिस के अनुसार जिले में किसी नेता या व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर दिन और रात के समय निगरानी रखी गई। कुंडली बॉर्डर पर वाटर कैनन, आंसू गैस, दमकल और एंबुलेंस तैयार रखी गईं। मुरथल टोल पर भी सुरक्षा व्यवस्था के तहत क्रेन और बस तैनात की गईं, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सामान्य वाहनों को अनावश्यक रूप से नहीं रोका गया।



चेकिंग के चलते वाहनों की रफ्तार धीमी हुई

आंदोलन से जुड़े झंडे या बैनर लगे वाहनों में सवार लोगों से जरूरत के अनुसार पूछताछ की गई। जांच के दौरान कुछ समय के लिए वाहनों की रफ्तार धीमी हुई, लेकिन कहीं लंबा जाम नहीं लगा। जिला पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा। पुलिस का प्रयास है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ वाहन चालकों को परेशानी न हो और यातायात सुचारु चलता रहे।

सेवा संकल्प जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

आज विश्व के औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित हो रहा खरखौदा: गुप्ता

भाजपा केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतार रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। डॉ.अर्चना गुप्ता का स्वागत करते विधायक पवन खरखौदा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की बदौलत खरखौदा दुनिया के औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने इलाके की जनता से भावनात्मक खिलवाड़ कर वोट तो हासिल किए, लेकिन अपना फर्ज अदा नहीं किया। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि खरखौदा क्षेत्र में उनकी ससुराल होने के बावजूद इस क्षेत्र का वैसा विकास नहीं हुआ, जिसकी लोगों को उम्मीद थी। यहां तो उम्मीद से बढ़कर विकास कार्य करवाने चाहिए थे। रविवार को विधायक पवन खरखौदा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प जनसभा में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि यहां के लोगों ने कांग्रेस को झोली भर-भर कर वोट दिए, लेकिन कांग्रेस को बताना चाहिए कि बदले में क्षेत्र के विकासार्थ क्या किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र को औद्योगिक पहचान दिलाने के लिए काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारने का प्रयास करती है। खरखौदा आज औद्योगिक निवेश और रोजगार की संभावनाओं के कारण देश के औद्योगिक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली, विधायक कृष्णा गहलावत और विधायक पवन खरखौदा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी राजबाला, बबीता दहिया, मेयर राजीव जैन, ललित बत्रा, प्रदीप सांगवान, अक्षित दहिया, शक्ति ठेकेदार, नरेश पाराशर, सुरेन्द्र बाणिया आदि उपस्थित रहे।

स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलेगा औद्योगिक प्रोजेक्ट

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि खरखौदा में लगभग 3,200 एकड़ में आईएमटी विकसित की जा रही है, जबकि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए लगभग 5,800 एकड़ अतिरिक्त जमीन की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने मारुति सुजुकी के खरखौदा प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिला है। उन्होंने निवेश बढ़ाने और उत्पादन क्षमता के विस्तार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे औद्योगिक प्रोजेक्ट स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोल सकते हैं। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि खरखौदा में 10 हजार एकड़ में सैटेलाइट शहर बसाने की योजना क्षेत्र के भविष्य के विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

108 जरूरतमंद बेटियों को वाशिंग मशीन सौंपी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने विधायक पवन खरखौदा द्वारा जरूरतमंद 108 बेटियों को दी जा रही वाशिंग मशीनों का वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने विशालकाय माला पहनाकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया। इलाके के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने भी उन्हें सम्मानित किया।



गन्नौर। अग्रसेन जयंती पर देवेंद्र कादियान व मेयर राजीव जैन का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत समाज को दे रहे एकता व समानता का संदेश : कादियान

- अग्रसेन द्वार के सौंदर्यीकरण की तैयारी, देवा सोसायटी जल्द शुरू कराएगी काम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नवरात्र के पहले दिन शहर में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल समाज की ओर से भव्य प्रभात फेरी एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर, अग्रसेन परिसर से गाजे-बाजे और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ रवाना हुई। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा की खास आकर्षण बनी रंग-बिरंगी व मनमोहक झांकियां, जिनमें महाराजा अग्रसेन के जीवन व आदर्शों का जीवंत चित्रण किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोनीपत मेयर राजीव जैन रहे। विधायक कादियान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को समानता, सहयोग और जनकल्याण का मार्ग दिखाया। उनकी एक रुपया-एक ईंट की परंपरा सामाजिक सहभागिता और जरूरमंदों की मदद का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में भाईचारा मजबूत करना और युवा पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम समापन पर समाज के लोगों ने विधायक कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, पार्षद वरुण जैन, श्वेत मित्तल, प्रिया जिंदल, पार्षद दिनेश अदलखा, डॉ. मनोज कुमार, विनोद गोयल, अंकित मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के भारोत्तोलकों ने 4 स्वर्ण के साथ जीती ट्रॉफी



खरखौदा। फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल की टीम ने अंडर -17 आयु वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जबकि अंडर -19 आयु वर्ग में टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर खेल प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय पहुंचने पर द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं विद्यालय के खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के अंडर -17 आयु वर्ग में परवेज ने 60 किलोग्राम भार वर्ग तथा संभव ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, अंडर -19 आयु वर्ग में आदित्य ने 79 किलोग्राम भार वर्ग और प्रथम ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत अंडर-17 में विद्यालय को प्रथम तथा अंडर-19 में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 31 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक दिल्ली में आयोजित होगी।

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें : राजीव जैन



सोनीपत। समाजवाद के प्रवर्तक एवं अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती पर पुरानी अनाज मंडी एवं अग्रसेन भवन में हवन-यज्ञ और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेयर राजीव जैन ने कार्यक्रमों में पहुंचकर महाराजा अग्रसेन जी को नमन किया और सभी को जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मेयर जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज में समानता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी और 'एक रुपया, एक ईंट' के सिद्धांत के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता तथा सामाजिक एकता की मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अहिंसा, शाकाहार और जीवों के प्रति दया का संदेश देकर समाज को नई दिशा दिखाई। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। अग्रवाल समाज उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मेयर ने कहा कि भगवान श्रीराम के वंशज महाराजा अग्रसेन ने लोककल्याण और सामाजिक समरसता को सर्वोपरि रखा। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। इस अवसर पर टीका राम मित्तल, ओमकार दास गर्ग, राजेश गुप्ता, संजय सिंगला, नवीन मंगला, हरि प्रकाश मंगला, विकास मंगला, सुरेश गोयल, अनिल गोयल, जगदीश राय गर्ग, पवन अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, आशीष जिंदल, प्रमोद गुप्ता, दीपक गुप्ता, राजेंद्र कुच्छल आदि सैकड़ो अग्र बंधु उपस्थित रहे।

आर्य समाज सेक्टर-15 का 27वां वार्षिकोत्सव संपन्न

सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर-15 का 27वां वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामवेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति आचार्य सुरेश आर्य के ब्रह्मत्व में अनेक यजमानों ने दी। गुजरात से आए वैदिक विद्वान आचार्य योगेश वैदिक ने आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य योगेश वैदिक ने कहा कि आर्य समाज से जुड़कर व्यक्ति अंधविश्वास, पाखंड और अवैदिक परंपराओं से दूर होता है। उन्होंने आर्य समाज की उन्नति के लिए सभी सदस्यों से तन, मन और धन से सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज राय ने वार्षिकोत्सव की सफलता पर समाज के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। वैदिक विदुषी राज गुलाटी ने उपस्थित अतिथियों और श्रोताओं का धन्यवाद किया।

आर्य समाज ने सामाजिक कुरीति दूर की : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिस समय देश में बाल विवाह, बहु विवाह, पर्दा प्रथा, लड़की के पैदा होने को गलत मानना, छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियां थीं तब महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित आर्य समाज ने इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। आर्य समाज ने पूरे देश और मानव जाति के लिए जो भलाई का काम किया है, उसके लिए इस संगठन का योगदान अविस्मरणीय है। ये विचार सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने व्यक्त किए। वे रविवार को शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव के समापनावसर पर बोल रहे थे।

विधायक ने कहा कि स्वामी दयानंद की शिक्षाएं और आर्य समाज के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। आर्य समाज के नियमों का पालन करने और महर्षि दयानंद के दिखाए मार्ग पर चलने से हम सभी का जीवन बेहतर बन सकता है। विधायक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व आर्य समाज के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानचंद आर्य व राजकुमार सैनी ने की जबकि मंच संचालन आर्य समाज के मंत्री कपिल देव ने किया। ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी यजमानों से पूर्णाहुति करा ऋग्वेद महायज्ञ को संपन्न किया और कहा कि वेद प्रचार के लिए दिया गया दान सराहनीय है। वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने से अज्ञानता दूर होगी जो सभी के लिए हितकारी है। कार्यक्रम में कुसुम लता, अरुण कुमार, डॉ. पूर्णमल गौड़, रामचंद्र दहिया, संजय बंसल, रोहित बेनीवाल, योगेश जैन आदि को सम्मानित किया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान धर्मप्रकाश, कोषाध्यक्ष अरुण, उमेद, राजपाल, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, अनिल गोयल, सतवीर, पुरुषोत्तम दास, सुभाष दहिया आदि भी मौजूद रहे।



सोनीपत। आर्य वरिष्ठ माध्यिमक विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान विधायक निखिल मदान व साथ में अन्य।

स्वास्थ्य जांच शिविर में 542 मरीजों की जांच, 42 ने किया रक्तदान

सोनीपत। समाज सेवा समिति की ओर से रविवार को जीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गीता भवन में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 542 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई, 42 लोगों ने रक्तदान किया और छह व्यक्तियों ने अंगदान के फार्म भरे। मरीजों को तीन दिन की दवाइयां भी निःशुल्क दी गईं। शिविर में डॉ. रमेश नारंग, डॉ. अंकुर बत्रा, डॉ. दिनेश गोसाईं, डॉ. हिमांशु गोयल, डॉ. परवीन के गुप्ता, डॉ. ईशानी डुडेजा, डॉ. मयंक दत्ता और डॉ. गगन कंसल सहित 30 चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। वर्मा लैब ने भी सहयोग किया। समिति के प्रधान सुरेंद्र इलाबाधी, संरक्षक प्रवीण वर्मा, संयोजक शशिकरण नासा, मुख्य संरक्षक पवन गोयल, मुख्य सलाहकार रत्नेश बत्रा और स्थायी सदस्य समन्वय समिति रमेश चंद हसीजा ने बताया कि समिति 1982 से समाजसेवा में जुटी है। शिविर में रक्तदान, देहदान, नेत्रदान और अंगदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान, महापौर राजीव जैन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दीवान, अरुण बंसल, वेदप्रकाश शर्मा, लेखराज नासा, प्रेम नारंग, ओपी इलावाधी, सीएमओ डॉ. अलंकृता गेरा और रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव गौरव रामकरण उपस्थित रहे।



इनेलो सुप्रीमो ने पूर्व विधायक के पिता के निधन पर जताया शोक

सोनीपत। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला रविवार को पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार के सेक्टर-15 स्थित निवास पर पहुंचे। उन्होंने सुरेंद्र पंवार के पिता डॉ. दिलीप सिंह पंवार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान चौधरी अभय सिंह चौटाला ने सुरेंद्र पंवार एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर दुख साझा किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पंवार परिवार और चौटाला परिवार के बीच गहरा और आत्मीय रिश्ता रहा है। डॉ. दिलीप सिंह पंवार का निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई करना कठिन है। सुरेंद्र छीक्कारा, बिजेंद्र मलिक, पवन गर्ग, करण चहल, सुरेश त्यागी, आनंद खत्री, सत्यवीर आर्य आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को दिया जा रहा गाय के गोबर से दीया निर्माण का प्रशिक्षण

खरखौदा। आरएसवीसी मंडौरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दीया निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सूर्या फाउंडेशन, झिंझौली से आए संजय तिवारी एवं राहुल ने महिलाओं को दीये बनाने की विधि सिखाई। इस दौरान प्रमोद, मेघा वर्मा, सोनिया वर्मा, कृष्णा, दृष्टि, पूर्व, मुक्ति, अनीता, बिमला एवं कविता ने दीये बनाने का हुनर सीखा। आरएसवीसी केंद्र की ओर से महिलाओं को दीया निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाता है। दीये बनाने के लिए आवश्यक कच्चा माल भी केंद्र की ओर से ही उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही दीये बनाने में आने वाली लागत भी प्रदान की जाती है, सेन्टर पर बेसन के लड्डू और मठ्ठी बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे महिलाओं को यह हुनर सीखने और अपने कौशल को विकसित करने में सहायता मिलती है। सेन्टर के डायरेक्टर सितेन्द्र दहिया ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है। आरएसवीसी के चेयरमैन देव प्रकाश के मार्गदर्शन में किसानों के हित में भी कार्य किया जा रहा है। केंद्र में मिट्टी की जाँच के लिए मशीन उपलब्ध है, जिसके माध्यम से किसानों को निःशुल्क मिट्टी जाँच की सुविधा प्रदान की जाती है।



युवाओं का भविष्य संवारना सरकार की प्राथमिकता

- कैबिनेट मंत्री ने 15 विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गांवों का विकास और युवाओं के भविष्य को संवारना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ युवाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। वह रविवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव महलाना में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने 15 विकास कार्यों का उद्घाटन किया और युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद कर उनके भविष्य, रोजगार, शिक्षा, नशामुक्ति और आधुनिक तकनीक से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा की। कहा कि सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची सरकारी नौकरियां देकर युवाओं की मेहनत और योग्यता को सम्मान दिया गया है।



गोहाना। विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा, साथ हैं उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा व अन्य।

सरकारी नौकरी तक सीमित न रहें

कैबिनेट मंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि वे केवल सरकारी नौकरी तक सीमित न रहें बल्कि कौशल विकास, स्टार्टअप और आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्वरोजगार की संभावनाएं भी तलाशें। आज तकनीक के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि युवा नशे से दूर रहें और खेलों व कॅरियर निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं।

अग्रसेन के आदर्श समाज को दिखा रहे भाईचारे की राह : सुरेन्द्र पंवार



सोनीपत। महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर सोनीपत के पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार ने महाराजा अग्रसेन चौक पहुंचकर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समाज में समानता, आपसी भाईचारे, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का प्रेरणादायी संदेश देता है। उनके आदर्श केवल एक युग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आज भी समाज को एकता, सद्भाव और जनकल्याण की राह दिखाते हैं। महाराजा अग्रसेन जी ने समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और परस्पर सहयोग की भावना को महत्व देने का संदेश दिया, जो आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समानता, भाईचारे और सेवा की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस दौरान नीलकंठ मुखीजा, कमल हसीजा, पवन गर्ग, प्रेम नारायण गुप्ता आदि मौजूद थे।

हुडा ग्राउंड में मां भगवती का जागरण, सिक्का कॉलोनी में सजी श्री बालाजी की चौकी

प्रभु का स्मरण करने से मन को शांति: दिवान

जिला कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष कमल दिवान व मेघा दिवान ने की शिरकत, आयोजकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान और उनकी पत्नी मेघा दिवान को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

शहर में धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। विवेकानंद चौक के निकट हुड्डा ग्राउंड में हनुमान मंदिर के सामने मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। वहीं, सिक्का कॉलोनी में दीपक मॉडल स्कूल के सामने श्री बालाजी की चौकी सजाई गई। दोनों आयोजनों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देर रात तक भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रभु का स्मरण मन को शांति प्रदान करता है। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जागरण में भजन गायकों ने मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। भजनों और माता के जयकारों से आयोजन स्थल का माहौल भक्तिमय हो गया। इसी तरह सिक्का कॉलोनी में बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया गया।

समापन पर विधिवत आरती की

श्रद्धालुओं ने भजनों के बीच शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। दोनों धार्मिक आयोजनों में जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष कमल दिवान और मेघा दिवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पायल मलिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन स्थलों पर पहुंचने पर आयोजकों ने अतिथियों को पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर विधिवत आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

एसआईआर से राहुल को तकलीफ क्यों: गुप्ता

- भाजपा में शामिल होने पर सोनू उर्फ रोहित के स्वागत समरोह में कांग्रेस पर बरसीं प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के मुद्दे पर कांग्रेस तथा राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए सवाल किया कि यदि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए मृत, डुप्लीकेट और दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नामों की जांच की जा रही है, तो कांग्रेस को इससे परेशानी क्यों है? उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस हर बार नए मुद्दे के सहारे झूठा नैरेटिव खड़ा करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार दोपहर मदर प्राइड स्कूल के सामने जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता संबोधित कर रही थी इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता का स्वागत किया।



गन्नौर। रोहित के भाजपा में शामिल होने पर कार्यक्रम में मंच पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

ये रहे मौजूद

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी, एडवोकेट राजबाला, श्यामदास महाराज, कथावाचक साध्वी समाहिता, अरुण त्यागी, चेयरमैन निशांत छोक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, आजाद नेहरा, तीर्थ राणा, जसबीर ढोढवा, सुबोध, बबीता दहिया, तरुण देवीदास, रोहित त्यागी समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मुरथल विवि में स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों व कुलपति के बीच नहीं थम रहा विवाद

यूनियन का आरोप, कुलपति ले रहे मनमाने फैसले अपने चहेतों को सदस्य और संयोजक कर रहे नियुक्त

- सुरेश पुट्ठी बोले, कुलपति अपने कार्यकाल के अंतिम 2 माह और एक्सटेंशन अवधि में कोई नई भर्ती, प्रमोशन, बड़ा क्रय, नीति या प्रशासनिक-वित्तीय निर्णय नहीं ले सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कर्मचारियों, स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों व कुलपति के बीच लंबे समय से आरोप-प्रत्यारोप और स्पष्टीकरण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कर्मचारी यूनियन ने आरोप लगाया है कि विवि के कुलपति को एक्सटेंशन मिलने के बाद से विश्वविद्यालय में उनकी उपस्थिति न के बराबर है। वह अपना अधिकांश समय एक्सटेंशन बढ़वाने में लगा रहे हैं। साथ ही कुलपति पर मनमाने फैसले लेने व आदेशों की अवहेलना का भी आरोप है। यूनियन के प्रधान सुरेश पुट्ठी ने बताया कि सरकार व राज्यपाल एवं कुलाधिपति के स्पष्ट आदेश हैं कि कुलपति अपने कार्यकाल के अंतिम 2 माह और एक्सटेंशन अवधि में कोई नई भर्ती, प्रमोशन, बड़ा क्रय, नीति या प्रशासनिक-वित्तीय निर्णय नहीं ले सकते। इसके लिए राज्य सरकार, राजभवन का पूर्व अनुमोदन जरूरी है। साथ ही एग्जीक्यूटिव कौंसिल, एकडेमिक कौंसिल, वित्त समिति की बैठक भी नहीं हो सकती। इसके बावजूद पिछले दिनों से विवि कुलपति की ओर से कई महत्वपूर्ण कमेटियों में ताबड़तोड़ बदलाव कर अपने चहेतों को सदस्य व संयोजक बनाया जा रहा है। यूनियन का आरोप है कि कुलपति जाते-जाते विश्वविद्यालय का माहौल खराब करना चाहते हैं। उनकी मांग है कि विवि में जल्द नियमित कुलपति की नियुक्ति की जाए और एक्सटेंशन अवधि के दौरान लिए गए सभी फैसले निरस्त किया जाए।



सोनीपत। मुरथल विश्वविद्यालय में अधर में लटका टीचिंग ब्लॉक का निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। मुरथल विश्वविद्यालय में अधूरा पड़ा पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारियों का 3 साल से शोषण करने का आरोप, कोर्ट केस भी बढ़े

यूनियन का आरोप है कि विवि में पिछले 3 साल से कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। वर्ष 2012 के बाद कोई नियमित भर्ती नहीं की गई है। सेवा नियम का हवाला देकर 3 साल से कोई प्रमोशन नहीं हुआ है। एसीपी, वेतन निर्धारण, नए पद सृजन भी 3 साल से लंबित पड़े हैं। महिला कर्मचारियों के लिए क्रेच व एम्बुलेंस सुविधा नहीं है। टाइप सी, डी और ई आवास जर्जर हालत में हैं, क्योंकि कई साल उनकी मरम्मत नहीं हुई है। एचकेआरएनएल व डीसी रेट कर्मचारियों का भी शोषण हो रहा है। इनमें पुनीत, सुभाष, बिरमल का 1 साल से 3 महीने का वेतन बकाया है। 13 डीसी रेट कर्मचारियों पर एसईटीसी थोपा जा रहा है। कई कर्मचारियों को परमिशन न मिलने से एरियर रुके हैं। सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र के कोर्ट केस वर्ष 2013 से वर्ष 2022 तक 93 थी, जो वर्ष 2023-2026 में बढ़कर 198 हो गए। कर्मचारी यूनियन ने विरोध में 28 सितंबर को रोष मार्च निकाल अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों की सुध तक नहीं ली। कर्मचारी यूनियन ने सरकार से विवि में नियमित कुलपति नियुक्त करने की अपील करते हुए व्यवस्था को पटरी पर लाने की गुहार लगाई है।

विवि में इंफ्रास्ट्रक्चर की बदहाली पर एक नजर

यूनियन का आरोप है कि वर्तमान सेमेस्टर अगले महीने 23 नवंबर को पूरा हो रहा है, लेकिन कंप्यूटर, आर्किटेक्चर, बायोटेक, बायो मेडिकल, कैमिकल सहित कई अन्य विभागों में विजिटिंग फैकल्टी तक नहीं लगाए गए हैं। पिछले 3 साल से कैंपस में छात्रों के लिए इंटरनेट की सुविधा ठप है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लाइब्रेरी के 7 करोड़ बजट में से सिर्फ 20 लाख खर्च किए गए हैं, जो कि प्रशासनिक अप्रूवल न मिलने के कारण खरीद नहीं हो पाई। वर्ष 2024 में विभिन्न विभागों की ओर से मांगे गए 800 कंप्यूटर आज तक नहीं खरीदे गए हैं। रूसा के तहत 10 करोड़ से बनने वाला टीचिंग ब्लॉक, ठेकेदार को 32 लाख की बिल की अदायगी न देने से पिछले तीन साल से अधर में लटका हुआ है। साथ ही हॉस्टल की पिछले तीन साल में रिपेयर नहीं हुई। लड़के-लड़कियों के हॉस्टल से लगातार मलबा गिरता रहता है, किसी भी छात्र को गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं रिपेयर न होने के कारण छात्रों के हॉस्टल नंबर 1 का सबसे ऊपर वाला फ्लोर इस वर्ष छात्रों को आवटन नहीं किया गया है।


स्वीमिंग पूल 3 साल से बंद पड़ा

10 सितंबर को केमिकल ब्लॉक का लेंटर गिरा था। मई 2026 में दीवार गिरी भी गिरी, 4 महीने बाद भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा एक साल से 1.15 करोड़ भुगतान के बाद भी काम अधूरा पड़ा है, जबकि काम पिछले छह महीने पहले खत्म हो जाना चाहिए था। करीब 5.5 करोड़ का स्वीमिंग पूल 3 साल से बंद पड़ा है, जो अब खंडहर बनता जा रहा है।



न्यूज डायरी

पांची जाटान में पंडित मांगे राम वाटिका का भूमि पूजन



गन्नौर। गांव पांची जाटान में महान लोककवि एवं कवि शिरोमणि पंडित मांगे राम जी की स्मृति में बनने वाली वाटिका के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चेयरमैन मोहनलाल बडोली ने शिरकत की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रदीप सांगवान व अन्य लोगों ने शिरकत की। चेयरमैन मोहनलाल बडोली ने कहा कि पंडित मांगे राम जी हरियाणवी लोक साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं। उनकी स्मृति में वाटिका का निर्माण हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, साहित्य और परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे प्रयास न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं। भाजपा नेता प्रदीप सांगवान ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक स्थल समाज को अपनी विरासत के प्रति जागरूक करने और महान साहित्यकारों के योगदान को याद रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पंडित मांगे राम जी की स्मृति में बनने वाली यह वाटिका क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती प्रदान करने का माध्यम बन सकती है।

छह दशक बाद दादा मांगेराम को मिलेगा स्थायी स्मारक



गन्नौर। हरियाणा की लोककला और सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने के लिए गांव पांची जाटान में रविवार को नई पहल हुई। करीब छह दशक बाद कवि शिरोमणि दादा मांगेराम पांची की स्मृति में स्थायी सांस्कृतिक स्थल विकसित करने की दिशा में करीब दो एकड़ जमीन पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक वाटिका का भूमि पूजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने वाटिका निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जल्द गन्नौर में कार्यक्रम होने वाला है। इसमें दादा मांगेराम और अगवानपुर के लोक कलाकार राजकिशन अगवानपुरिया के नाम पर विकास कार्य करवाने की डिमांड रखी जाएगी, ताकि मुख्यमंत्री से दोनों कलाकारों की स्मृति में कुछ न कुछ घोषणा करवाई जा सके। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला मंत्री किशोर वशिष्ठ और हिंद केसरी मौसम खत्री सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। दादा मांगेराम की स्मृति को संजोने के लिए गांव की 36 बिरादरी ने मिलकर यह पहल की है। वाटिका को केवल स्मारक तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। दादा मांगेराम सांगी के पौत्र साहिल वत्स ने बताया कि यहां सांग-रागनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंचायत और अन्य सामाजिक आयोजन किए जा सकेंगे। इसका उद्देश्य हरियाणवी लोककला को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और कलाकारों की विरासत को सहेजना है।

35 साल बाद गुरु-शिष्य मिलन से माहौल भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव चिड़ाना में वर्ष 1986 से 1990 के दौरान कक्षा पहली से कक्षा 5वीं तक पढ़ाने वाले सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक गांव शामड़ी निवासी नफे सिंह खोखर को उनके 82वें जन्मदिवस पर उनके शिष्य गांव चिड़ाना निवासी मास्टर राजेश लठवाल ने घर पहुंचकर सम्मानित किया। करीब 35-36 वर्षों बाद हुए इस मिलन ने माहौल भावुक कर दिया। सेवानिवृत्त शिक्षक नफे सिंह आज लकवे की बीमारी से पीड़ित हैं। अनुशासन और पक्के उसूलों के लिए पहचाने जाने वाले शिक्षक को देखकर उनके शिष्ट मास्टर राजेश लठवाल भावुक हो गए। राजेश लठवाल के अनुसार कभी गुरुजी के स्कूल पहुंचते ही बच्चे उनकी साइकिल पकड़ने के लिए दौड़ पड़ते थे। उनके अनुसार वर्ष 2008 में उनको गुरुजी के निधन की गलत सूचना मिली थी, जिसके कारण इतने वर्षों तक मुलाकात नहीं हो सकी। अचानक उनके जीवित होने की जानकारी मिली तो वे अपने गुरुजी से खुद को मिलने से रोक नहीं पाए। मास्टर राजेश लठवाल पिछले 8 वर्षों से बस स्टैंड गोहाना में दैनिक लंगर, रोटी बैंक और कपड़ा बैंक चला रहे हैं। उनकी यह समाजसेवा आज दूसरों के लिए मिसाल बन चुकी है।



गोहाना। अपने गुरु का सम्मान प्रकट करते हुए मास्टर राजेश लठवाल।

ये मौजूद रहे

इस मौके पर रामदेई खोखर, रविन्द्र खोखर, अमीत खोखर, सरिता खोखर, नैंन्शी खोखर, वंश खोखर, मास्टर कृष्ण सरोहा व रितिका लठवाल उपस्थित रहे।

प्रदीप सांगवान ने अभिषेक सरोहा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने रविवार को हरियाणा सिविल सेवा की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त अभिषेक सरोहा को शहर में सेक्टर-7 स्तिथ उनके निवास पर सम्मानित किया। प्रदीप सांगवान ने कहा कि अभिषेक सरोहा ने एचसीएस में प्रथम स्थान पर आकर अपने परिवार,गांव और जिला का गौरव बढ़ाने का काम किया है। अभिषेक युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। प्रदेश की नायब सरकार बिना पर्ची-खर्ची के प्रदेश के युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी दे रही है। इसीलिए गरीब, किसान व मजदूर परिवारों के बच्चों का भी एचसीएस में चयन हो रहा है। अभिषेक ने कड़ी मेहनत करके यह उपलब्धि प्राप्त की है। इस मौके पर भैंसवाल मंडल अध्यक्ष सूरत सिंह, डॉ. राममेहर राठी, अभिषेक की पिता जगबीर सरोहा व माता अमिता सरोहा आदि उपस्थित रहे।



गोहाना। अभिषेक सरोहा को आशीर्वाद देते हुए प्रदीप सांगवान व अन्य।

समाज कल्याण संगठन ने सोनीपत रोड पर लगाए 40 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

समाज कल्याण संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने गोहाना ग्रीन सिटी अभियान के तहत रविवार को सोनीपत मार्ग के डिवाइडर पर पौधे रोपे एवं जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत संगठन द्वारा चम्पा, पीपल, नीम और जंगली जलेबी प्रजातियों के 40 पौधे लगाए। संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने कहा कि मानसून सत्र समाप्त हो चुका है, लेकिन अभी भूमि में पर्याप्त नमी मौजूद है। जल स्तर भी फिलहाल बहुत नीचे नहीं गया है। ऐसे में अक्तूबर का पूरा महीना पौधरोपण के लिए अनुकूल है। लोगों को इस अनुकूल समय का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं, ताकि शहर को हरा-भरा बनाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन, धार्मिक अवसरों एवं शादी की सालगिरह पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। साथ ही, पौधे को केवल लगाने तक ही सीमित न रखें, बल्कि उसके बड़ा होने तक नियमित देखभाल भी करें। हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर भविष्य दे सकते हैं। पौधरोपण में मनोज कुमार, सुनील, बलजीत जांगड़ा, दीपक, पवन, डॉ. विजेंद्र, परवीन, अभिमन्यु शर्मा, हरीश एवं जगदीश का विशेष सहयोग रहा।

- जमीन की नमी का उठाएं लाभ, पूरे माह लगाए पौधे



गोहाना। पौधों की सिंचाई करते हुए संगठन के सदस्य।

थाना सदर में लगे शिविर में 56 यूनिट रक्त संकलित

- पुलिस आयुक्त ने रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से भाग लेने वाले रक्तदाताओं की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को थाना सदर गोहाना में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों के साथ आमजन द्वारा रक्तदान करते हुए 56 यूनिट रक्त संकलित किया गया। सोनीपत पुलिस द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग देना तथा आमजन को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक गामहत्वपूर्ण माध्यम है। रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और ऐसे समय में रक्तदाताओं का योगदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी ड्यूटी और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। पुलिस आयुक्त ने रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से भाग लेने वाले रक्तदाताओं की सराहना करते हुए आमजन से अपील की कि वे भी रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आएं।



गोहाना। शिविर में रक्तदान करते हुए पुलिसकर्मी व आमजन। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन को जयंती पर किया नमन

- महाराजा अग्रसेन की नीतियों पर चलते हुए एक-दूसरे का सहयोग करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को महाराजा अग्रसेन को उनकी जयंती पर याद किया गया। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह पुरानी अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन चौक में आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी व नमन किया। शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की आरती के साथ किया गया और सभी नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य वक्ता एडवोकेट मनोज गोहाना ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की नीति थी कि कोई भी व्यक्ति अगर शहर या नगर में नया आता हैं तो उसे एक ईंट और एक रुपया दे कर आगे बढ़ाएं। जरूरत के समय हर जरूरतमंद की मदद की जाए। हमें एक आदर्श समाज के निर्माण के लिए आज महाराजा अग्रसेन की इस नीतियों पर आगे बढ़ने की जरूरत है।



गोहाना। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक।

ये मौजूद रहे

समारोह में राजेंद्र जैन, रामलाल जिंदल, रमेश गोयल, राजकुमार जिंदल, एडवोकेट मनोज गोहाना, राहुल गोयल, राजेश जिंदल, नवनीत, सोमिन, पंकज, पवन गोयल, विकास, कपिल, निखिल, महेश, एडवोकेट विकास, संचित, विहान, ऋतिक व एडवोकेट आशीषसहित समाज के अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

गुणगान प्रभातफेरी की शुरुआत मयूर विहार गली नंबर 8 से की गई, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया

हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल किया प्रभु गुणगान

- मनुष्य को अपनी दैनिक दिनचर्या के साथ प्रभु नाम का स्मरण भी अवश्य करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इस्कॉन प्रचार समिति, सोनीपत की ओर से रविवार को गोहाना रोड क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी की शुरुआत मयूर विहार गली नंबर 8 से की गई। इसके बाद प्रभातफेरी विभिन्न गलियों से होते हुए वापस गली नंबर 8 में शांत नरसिंह दास के निवास पर हरिनाम संकीर्तन के साथ संपन्न हुई। प्रभातफेरी का मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। इस्कॉन प्रचार समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। समिति के चेयरमैन रघु कुमार दास ने बताया कि मनुष्य को अपनी दैनिक दिनचर्या के साथ प्रभु नाम का स्मरण भी अवश्य करना चाहिए।



सोनीपत। मयूर विहार में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकालते इस्कॉन प्रचार समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस दौरान इस्कॉन प्रचार समिति, सोनीपत के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास, सचिव कृष्ण कुमार गर्ग, भागवत तत्व दास, सुप्रसाद हरिदास, जयभगवान, शांत नरसिंह दास, युग धर्मदास, सुंदर सिंह, मास्टर जगदीप पांचाल, श्याम सिंह रावत, जयप्रकाश, अवि सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

परमात्मा की भक्ति अमृत प्राप्ति के समान : डॉ. धीरज



गोहाना। परमात्मा की भक्ति करना अमृत की प्राप्ति के समान है और भक्ति न करना जीवन में दुखों का कारण है। लेकिन भक्ति का लाभ तभी प्राप्त होगा जब वह निःस्वार्थ होगी परमात्मा में भक्त की सच्ची आस्था होगी। रविवार को यह संदेश उत्तरप्रदेश के बागपत से वैदिक विद्धान डॉ. धीरज कुमार आर्य ने दिया। वे रविवार को आर्य समाज गोहाना मंडी द्वारा शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित त्रि-दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम में प्रवचन कर रहे थे। डॉ. धीरज कुमार ने कहा कि जन्म जीव का होता है परमात्मा का नहीं। परमात्मा अजन्मा, सर्वशक्तिमान और सर्वहितकारी है। उस परमात्मा को प्राप्त करने के लिए हमें सर्वप्रथम अपनी आत्मा को शुद्ध करना पड़ेगा अर्थात मानवता के धर्म को सत्य के साथ निभाना होगा। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के बिजनौर से स्वामी मुक्तिवेश व पं. भीष्म ने भगवान के भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य, मास्टर अजीत आर्य, मास्टर प्रदीप आर्य, अभिमन्यु भनवाला, जगदीश लठवाल, सत्यनारायण आर्य, बिजेंद्र आर्य, मास्टर नसीब, मास्टर संदीप, जयपाल आर्य, अनिल आर्य, महेंद्र आर्य, लहणा मोर, धर्मवीर आर्य, सुरेश आर्य, वीरेंद्र खासा, प्रवीन व रविन्द्र आर्य उपस्थित रहे।

कलश स्थापना और गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन की शुरुआत

नारद मोह और मनु-शतरूपा की तपस्या का दर्शाया प्रसंग

बाहर से आए कलाकार-स्थानीय युवा अपने मंचन से लोगों को श्रीराम के आदर्शों की राह दिखा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नवरात्र उत्सव के बीच जिलेभर में रामलीलाओं के मंचन का दौर प्रारंभ हो चुका है। कहीं बाहर से आए कलाकार, तो कहीं स्थानीय युवा अपने मंचन से लोगों को श्रीराम के आदर्शों की राह दिखा रहे हैं। इसी के साथ कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा व श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति ने कलश स्थापना और गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। पहले दिन रविवार को कलाकारों ने नारद मोह और मनु-शतरूपा की तपस्या की लीला का मंचन कर दर्शकों को धार्मिक प्रसंगों से रूबरू कराया।

रामलीला के शुभारंभ से पहले धार्मिक संस्थाओं ने बड़ा बाजार स्थित श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हलवाई हट्टा, मुरथल अड्डा व सब्जी मंडी रोड से होते हुए कामी रोड स्थित रामलीला मैदान पहुंची। इसमें भगवान गणेश और रिद्धि-सिद्धि की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा के पदाधिकारियों ने भगवान गणेश और श्रीराम दरबार की पूजा-अर्चना की। इसके बाद रामलीला मंचन की शुरुआत हुई। वृंदावन के आचार्य सौरभ द्विवेदी, टीवी फेम स्वामी शिवदयाल शर्मा व स्वामी गिरिराज प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने पहले दिन नारद मोह और मनु-शतरूपा की तपस्या के प्रसंग प्रस्तुत किए। कलाकारों ने भगवान विष्णु और नारद मुनि के बीच हुए संवाद को रोचक ढंग से मंचित किया। कलाकारों की प्रस्तुति देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मुख्यातिथि के रूप में डॉ. विजयंत पठानिया, जीडी जैन ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएल तनेजा व मंच संचालन गजेंद्र मंगला ने किया। कलाकारों ने मंचन में दर्शाया कि नारद जी को तपस्या के बाद अहंकार हुआ, तो भगवान विष्णु ने माया रची। नारद जी ने विश्वमोहिनी से विवाह के लिए विष्णु से सुंदर रूप मांगा, पर उन्हें वानर मुख मिला। विश्वमोहिनी ने विष्णु को वर चुना। क्रोधित नारद ने विष्णु को पत्नी-वियोग का श्राप दिया। इसके बाद भगवान शिव की ओर से माता पार्वती को रामकथा और भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाए जाने की लीला का वर्णन किया गया। मंचन के दौरान दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।



सोनीपत। रामलीला मैदान में पूजा-अर्चना कर रामलीला का शुभारंभ करते श्रद्धालु तथा रामलीला का मंचन करते कलाकार।

ये रहे मौजूद

महेंद्र मंगला, राजकुमार गोयल, पंडित अमित शौनक, प्रवीन गोयल, अमित कुच्छल, महेंद्र वर्मा, अमित शौनक, राहुल अग्रवाल, अनिल जैन मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ और रामकथा में लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग सुनाया

सोनीपत। श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से श्री पवन पुत्र सेवा समिति के तत्वावधान में दशहरे के अवसर पर मोहल्ला कलां स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और रामकथा का आयोजन किया गया। हनुमान जी के 40 दिवसीय अनुष्ठान के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ओमप्रकाश अरोड़ा ने रामकथा सुनाई। उन्होंने रामचरितमानस के लंका कांड में लक्ष्मण मूर्छा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि मेघनाद की शक्ति लगने से लक्ष्मण अचेत हो गए थे। इस पर श्रीराम व्याकुल होकर विलाप करने लगे। हनुमान जी सुषेण वैद्य के परामर्श पर संजीवनी बूटी लाने हिमालय पहुंचे। बूटी पहचान नहीं पाने पर वे पूरा द्रोणागिरी पर्वत उठा लाए। रास्ते में भरत से भेंट का प्रसंग भी सुनाया गया। सूर्योदय से पहले संजीवनी लंका पहुंचने पर लक्ष्मण के प्राण बच गए और श्रीराम ने उन्हें गले लगा लिया। कथा के माध्यम से वक्ता ने भ्रातृ-प्रेम, भक्ति, समर्पण और संकट में सेवा के महत्व को समझाया। इस अवसर पर पवन सहगल, सूरज कांत, ललित बत्रा, महेश पांडे, रामनिवास, विनोद धीर, गोपाल, रमाकांत, मुकेश आनंद, दिनेश अरोड़ा, यशपाल, लाजपत, विजय, धीरज और भूषण उपस्थित रहे। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हनुमान जी की भक्ति, श्रीराम के भ्रातृ-प्रेम व संजीवनी प्रसंग का किया वर्णन



मार्केट न्यूज

फैंसी क्रॉकरी और किचन में इस्तेमाल होने वाली खास होम एप्लायंसेज की ढेरों वैराइटीज के साथ शुरू हुआ - आर्या क्रॉकरी एवं किचन किंग



सोनीपत। पहले शारदीय नवरात्रि के दिन रविवार को शहर में आर्या क्रॉकरी एवं किचन किंग के शोरूम की भव्य शुरूआत हुई। अच्छे ब्रांड और क्वॉलिटी पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए ढेरों वैराइटीज वाले इस शोरूम को हर कोई पसंद कर रहा है। स्थानीय सैक्टर 14 रोड़ स्थित गांधी चौक पर बने इस दो मंजिला शोरूम की हर मंजिल पर ग्राहकों को अलग अलग कंपनी के ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स की ढेरों वैराइटीज देखने को मिल रही हैं। ग्राहकों के लिए पहली पसंद बने इस शोरूम की एक खास बात यह भी है कि यहां सस्ती आईटम्स के साथ साथ अच्छे और खास ब्रांड की लेटेस्ट वैराइटीज भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। शोरूम संचालक अनिल आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके यहां एडॉक्स जो कि फैंसी एवं सेरेमिक आईटम्स के लिए जाना माना नाम है, उसकी लगभग सभी वैराइटीज को यहां रखा गया है। इसके अलावा होम एप्लायंसेज में स्काईलाइन, ग्लेन ब्रांड के चिमनी चूल्हे, इलेक्ट्रिक आईटम्स के लिए मशहूर हैवेल्स, फिलिप्स, बोरोसिल के ग्लास आईटम्स के अलावा लोवपेला के प्रसिद्ध ब्रांड ओवा के प्रोडक्ट्स भी उनके यहां ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराए गए है। फैंसी क्रॉकरी आईटम्स के लिए मशहूर हाइलुक्स, विगनेटो और कंडेस जैसे महंगे क्रॉकरी के अच्छे मॉडल भी यहां ग्राहकों को देखने के लिए मिल रहे है। क्रॉकरी एवं किचन होम एप्लायंसेज के इस भव्य शोरूम की शुरुआत कराने वाले डॉक्टर सुरेश आर्य जो कि शहर के प्रमुख आँख रोग विशेषज्ञ हैं।

प्रतिभा की पहचान ही कामयाबी की पहली सीढ़ी : जगदीश भावड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा (एचसीएस) में पूरे प्रदेश में टॉपर अभिषेक सरोहा को रविवार को शारीरिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट करके सम्मानित किया। सेक्टर-7 स्थित निवास पर अभिषेक को सम्मानित करने वह अपने बेटे कंवर भावड़ व साहिल के साथ पहुंचे। प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमारे युवा प्रतिभा के धनी हैं। उनको केवल सही मार्गदर्शन और अपने अंदर छुपी प्रतिभा को पहचानने की जरूरत है। हमारे लाडले अभिषेक सरोहा ने अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा दी, जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है। अभिषेक ने अपनी प्रतिभा के बूते पर एचसीएस परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान हासिल करके यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े युवाओं की प्रतिभा की कोई सानी नहीं है। वे किसी भी मुकाम को हासिल करने में सक्षम हैं। जगदीश भावड़ ने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे अभिषेक सरोहा से प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हुए अपने प्रदेश का गौरव बढ़ाएं। इस अवसर पर अभिषेक के माता-पिता जगबीर सरोहा व अमिता सरोहा भी उपस्थित रहे।



गोहाना। जगदीश भावड़ अपने परिवार के साथ अभिषेक सरोहा को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

देश-दुनिया में नाम रोशन करने वाली बेटी के हाथों से रखवाई करोड़ों के इंडोर हॉल की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अपनी हॉकी प्रतिभा से टीकाराम शिक्षण संस्थान का नाम देश-विदेश में रोशन करने वाली बेटी साक्षी राणा के हाथों करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक चौधरी टीका राम हॉल का शिलान्यास करवाकर चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह दहिया ने प्रतिभा के सम्मान की अनूठी मिसाल पेश की।

टीकाराम गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा एवं वर्ष 2026 के एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता साक्षी राणा ने पहले नवरात्र के पावन अवसर पर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव रखी। इस अवसर पर साक्षी राणा ने अपने शिक्षण संस्थान में लौटकर इस महत्वपूर्ण कार्य का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। उन्होंने संस्थान से मिले प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई। युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए अर्चना सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत विकास परिषद की सोनीपत शाखा की ओर से रविवार को शिवा शिक्षा सदन, देव नगर के कला केंद्र में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिवा शिक्षा सदन की कनिष्ठ विद्यालय प्रमुख अर्चना कामरा को बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने और उनके सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों की सीख देना भी जरूरी है। इससे उनका भविष्य बेहतर बनता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गर्ग, भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष संजीव सरदाना सहित सोनीपत के करीब 20 विद्यालयों के प्राचार्य, निदेशक और शिक्षाविद शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षकों के योगदान की सराहना की गई और विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान शिवा शिक्षा सदन की कनिष्ठ विद्यालय प्रमुख को सम्मनित करते हुए ओएसडी, परिषद के पदाधिकारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

